कार्यपत्रिका -4 कक्षा – चार दिनांक - _.12.21

अध्यापिका - श्रीमतीपूजासहगल/ श्रीमतीजितेन्द्रकौर

पाठ -11 गुरुभक्त आरुणि

मौखिक तथा लिखित प्रश्न उत्तर हिन्दी अभ्यास पुस्तिका (Notebook) में करें।

मौखिक प्रश्न- उत्तर

क) महर्षि धौम्य आकाश में क्या देख रहे थे?

उ० - महर्षि धौम्य आकाश में उमड़ते-घुमड़ते बादलो को देख रहे थे।

ख) फसलों के लिए क्या अच्छा होता है?

उ० - वर्षा फ़सलों के लिए अच्छी होती है।

ग) धान रोपने के लिए किसका संग्रह करना आवश्यक है?

उ० - जल का संग्रह करना आवश्यक है।

घ) महर्षि धौम्य ने आरुणि को खेत पर क्यों भेजा था?

उ०- खेत में मेड़ बाँधने के लिए भेजा था।

लिखित प्रश्न - उत्तर

क) महर्षि धौम्य क्यों चिंतित थे?

उ० - वर्षा होने वाली थी और खेत में मेड़ अभी तक नहीं बाँधी गई थी इसलिए महर्षि धौम्य चिंतित थे।

ख) धौम्य ऋषि के लिए आरुणि को आज्ञा देने में क्यों संकोच हो रहा था?

उ० – संध्या का समय था और मूसलाधार वर्षा होने वाली थी इसलिए धौम्य ऋषि को आरुणि को आज्ञा देने में संकोच हो रहा था।

ग) उपमन्यु के साथ महर्षि भी आरुणि को देखने क्यों चल दिए?

उ० – महर्षि धौम्य आरुणि के लिए चिंतित थे। अत: वे भी उपमन्यु के साथ आरुणि को देखने चल दिए।

घ) जब आरुणि को पानी को रोकने का कोई उपाय नहीं सूझा तो उसने क्या किया?

उ० – जब आरुणि को पानी को रोकने का कोई उपाय नहीं सूझा तो वह स्वयं मेड़ बनकर लेट गया।

ङ) महर्षि धौम्य ने आरुणि को गुरुभक्ति से प्रसन्न होकर क्या कहा?

उ० – तुम्हारी गुरुभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और धैर्य सदैव प्रशंसनीय रहेंगे।

च) इस कहानी से क्या शिक्षा मिलती है? लिखिए।

उ० – हमें सदैव गुरुओं का आदर करना चाहिए। दूसरों के लिए हमारे मन में सेवा का भाव होना चाहिए।

(अभ्यास कार्य)

भाषा-ज्ञान (पृष्ठ संख्या -82,83)

1. नीचे दिए गए वाक्यों में सही समुच्चयबोधक चुनकर लिखिए ।

किंतु , कि, और, यदि - तो, परंतु

(क) संध्या का समय है और मूसलाधार वर्षा होने वाली है।

(ख) अंधकार होने लगा है किंतु अभी तक आरुणि नहीं लौटा है।

(ग) उपमन्यु आरुणि कहकर आवाज देता है परंतु कोई उत्तर नहीं मिलता।

(घ) जब मैंने देखा कि पानी को रोकने का कोई उपाय नहीं है।

(ङ) यदि मैं मेड़ नहीं बाँधता तो धान नहीं हो पाता।

2. विशेष्य शब्दोंके लिए विशेषण शब्द लिखिए ।

मूसलाधार	वर्षा	तेज	बहाव
प्रिय	शिष्य	तीव्र	गति
काले	बादल	महान	ऋषि

3. उदाहरण के अनुसार वाक्य बनाइए।

उदाहरण – वर्षा होगी।	वर्षा होने वाली है।
(क) संध्या होगी।	संध्या होने वाली है।
(ख) आँधी आएगी।	आँधी आने वाली है।
(ग) स्कूल की घंटी बजेगी।	स्कूल की घंटी बजने वाली हैं।

4. पाठ में से पाँच अनुस्वार वाले (ं) शब्द और पाँच अनुनासिक वाले (*)शब्द ढूँढकर लिखिए।

अनुस्वार (अं) अंधकार, संग्रह, चिंता, ठंड, संकोच

अनुनासिक (अँ) बाँधनी, यहाँ, कहाँ , बाँध, वहाँ

5. इन शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

आकाश	-	नभ	गगन
वर्षा	-	बारिश	बरसात
जल	-	पानी	नीर
पुत्र	-	बेटा	सुत
हवा	-	पवन	समीर
शरीर	-	देह	तन
अंधकार	-	अँधेरा	तम

ठंड - सरदी जाड़ा

6. इन शब्दों में उपसर्ग जोड़कर शब्द बनाइए।

सु + रक्षा - सुरक्षा

अ + भाव - अभाव

सं + भव - असंभव

अ +धीर - अधीर

प्र +यत्न - प्रयत्न

प्र + स्थान - प्रस्थान